# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 01 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 212

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में खाई में गिरी कार, 3 लोगों की मौत

**रियासी/जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक कार के सडक़ से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि कार सवार शनिवार रात रियासी कस्बे से कराघ की ओर जा रहे थे, तभी टोटे गांव पहुंचने पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह 100 मीटर से अधिक गहरी खाई में गिर गया. अधिकारी के मुताबिक, कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान कराघ के नसीब सिहं (65), टोटे के करनैल सिंह (47) और देवीगढ़ के महोन चंद्र (32) के रूप में की गई है. अधिकारी ने बताया कि बचावकर्मियों को शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि गहरी खाई में गिरने के कापण वाहन में आग लग गई थी.

### असम : कुआं खोदते समय दम घुटने से 2 मजदूरों की मौत


**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम के बक्सा जिले में कुएं की खुदाई के दौरान दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान रमजान अली और सिराज अली के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह घटना बक्सा जिले के बंगालीपारा में उस समय हुई, जब मजदूर एक स्थानीय निवासी के घर के बगीचे में कुआं खोद रहे थे। पुलिस के मुताबिक, कुएं में घुसने पर दोनों को बेचैनी महसूस हुई और वहीं फंस गए। कुआं करीब 20 फीट गहरा है। इनकी मौत का कारण कुएं में ऑक्सीजन की कमी को माना जा रहा है। जब अन्य ग्रामीणों को पता चला कि काम करने के दौरान मजदूर कुएं में गिर गए तो उन्होंने उन्हें निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### अग्रिम जमानत के लिए मुख्तार अंसारी का बेटा उमर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, कल होगी सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। संपत्ति हड़पने से जुड़े मामले में उमर अंसारी ने अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है। कल सोमवार को इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट पहले ही उमर को जमानत देने से इनकार कर चुका है। इसके पहले मऊ कोर्ट ने मुख्तार के छोटे बेटे उमर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया। ये मामला साल 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्तार के बड़े बेटे अब्बास अंसारी के हेड स्पीच का है, जिसमें उसने अधिकारियों के देख लेने और हिसाब किताब की बात कही थी। इस हेट स्पीच केस की सुनवाई के दौरान कई बार उमर अंसारी को कोर्ट में पेश होने को कहा जा रहा था, लेकिन वो पेश नहीं हो रहा था। हाल ही में कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया। उमर अंसारी का फिलहाल कोई अता-पता नहीं है। काफी समय से पुलिस उमर की तलाश कर रही है। सिर्फ उमर ही नहीं माफिया मुफ्तार अंसारी की पत्नी अफशां अंसारी भी फरार चल रही है। अफशां अंसारी पर 75 हजार रुपये का इनाम भी घोषित है। अफशां पर मनी लॉन्ड्रिंग, जमीन हड़पने समेत कई आरोप हैं।

## मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 47.12 करोड़ रूपए की राशि श्रमिकों के बैंक खातों में करेंगे अंतरित

- आरंग और पाटन में श्रमिक सहायता केन्द्र का वर्चुअल शुभारंभ होगा
- श्रमिकों के सम्मान में सामूहिक बोरे-बासी भोज का भी होगा आयोजन
- साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित होगा श्रमिक सम्मेलन



**रायपुर (आरएनएस)।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 01 मई के अवसर पर राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दोपहर 12 बजे से श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री बघेल लगभग एक लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 47.12 करोड़ रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित करेंगे और आरंग और पाटन में श्रमिक सहायता केन्द्र का शुभारंभ भी करेंगे।

साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित किए जा रहे श्रमिक सम्मेलन में मुख्यमंत्री बघेल राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। सम्मेलन में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर श्रमिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस मौके पर श्रमिकों के सम्मान में सामूहिक बोरे-बासी भोज का आयोजन होगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के विकास में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए मुख्यमंत्री बघेल की मंशा के अनुरूप श्रमिक दिवस के दिन श्रम के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने प्रदेश में बोरे-बासी तिहार का भी आयोजन किया जा रहा है।

श्रमिक सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्रम विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं पर 47.12 करोड़ रूपए की राशि का बैंक खातों में अंतरण करेंगे। इनमें छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अतर्गत 83086 हितग्राहियों को 22.76 करोड़ रूपए छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक मंडल अंतर्गत 11542 हितग्राहियों को 20.83 करोड़ रूपए, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अतर्गत 6457 हितग्राहियों को 3.09 करोड़ रूपए तथा कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं अंतर्गत 50 बीमित व्यक्ति को चिकित्सा हितलाभ राशि 44.55 लाख रूपए इस प्रकार कुल 101135 हितग्राहियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 47.12 करोड़ रूपए की राशि अंतरण शामिल है।

श्रमिक सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी. एस. सिंहदेव, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री मती अनिला भेंडिय़ा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल, आवास एवं पर्यावरण तथा वन मंत्री मोहम्मद अकबर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्र कुमार, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, सहित सांसद सुनील सोनी शामिल होंगे।

## लुधियाना में गैस लीक होने से 9 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत



- मौके पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के लुधियाना में घनी आबादी वाले गियासपुरा इलाके में रविवार को एक फैक्ट्री से गैस का रिसाव होने से कम से कम नौ बच्चों समेत 11 लोगों की मौत की खबर है। कई लोग बीमार हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, गैस लीक के कारण नौ लोगों की मौत हो गई और कई लोगों ने सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की।

एनडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंच गए हैं और पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सांस लेने में दिक्कत की शिकायत करने वाले करीब 10 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। गैस पीड़ितों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घटना पर दुख जताते हुए ट्वीट कर कहा, लुधियाना के गियासपुरा इलाके में एक फैक्ट्री से गैस रिसाव की घटना बेहद दुखद है। पुलिस, सरकार और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं। हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। और विवरण जल्द ही।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। कुछ लोग जान बचाने के लिए अपने घरों से बाहर आ गए।

## सरकार एनएच के किनारे हेलीपैड, ड्रोन लैंडिंग सुविधाएं स्थापित करने की योजना बना रही : गडकरी



**मुंबई (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के करीब स्थित उन 600 स्थानों में से कुछ पर हेलीपैड और ड्रोन लैंडिंग सुविधाएं स्थापित करने की योजना बना रही है, जहां वह सुविधा केन्द्रों को विकसित कर रही है. गडकरी ने शहर में एक इंडियन मर्चेंट्स चैंबर कार्यक्रम में कहा कि ऐसे सुविधा केन्द्र, सडक़ दुर्घटनाओं और अंग प्रत्यारोपण जैसी चिकित्सा आपात स्थितियों से निपटने में मदद करेंगे. एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ 600 से अधिक स्थानों पर विश्व स्तरीय वेसाइड सुविधाएं (डब्ल्यूएसए) विकसित कर रहा है. उन्होंने कहा कि अच्छे शौचालय, पार्किंग और रेस्तरां जैसी बुनियादी सुविधाओं के अलावा इन सडक़ किनारे के सुविधा केन्द्रों में ट्रक चालकों के लिए डारमेट्री, इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने की सुविधा और ट्रॉमा सेंटर आदि भी होंगे.

मंत्री ने कहा कि हस्तशिल्प और स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए खुदरा बिक्रीकेन्द्र भी होंगे, कुछ डब्ल्यूएसए में सडक़ दुर्घटनाओं और अंग प्रत्यारोपण जैसी चिकित्सा आपात स्थितियों से निपटने के लिए हेलीपैड और ड्रोन लैंडिंग सुविधाएं भी होंगी.

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मालदीव को सौपेंगे गश्ती पोत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक मई से तीन मई तक मालदीव की अपनी यात्रा के दौरान द्वीप देश को भारत की ओर से उपहार के तौर पर एक तेज गश्ती नौका और एक 'लैंडिंग क्राफ्ट' सौंपेंगे. रक्षा मंत्रालय ने रणनीतिक रूप से भारत के लिए अहम देश मालदीव में राजनाथ के दौरे से एक दिन पहले रविवार को यह जानकारी दी. 'लैंडिंग क्राफ्ट' छोटे और मध्यम समुद्री जहाज होते हैं.

उसने कहा कि सिंह की यात्रा दोनों देशों के बीच मित्रता मजबूत करने में ''बड़ा मील का पत्थर'' साबित होगी. सिंह द्विपक्षीय रक्षा और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के मकसद से सोमवार को मालदीव की तीन दिवसीय यात्रा करेंगे. इस यात्रा के दौरान सिंह मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह, विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद और रक्षा मंत्री मारिया दीदी सहित अन्य से मुलाकात करेंगे. मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मैत्रीपूर्ण देशों और क्षेत्र में भागीदारों की क्षमता निर्माण को लेकर भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप, मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों को एक तेज गश्ती पोत और एक लैंडिंग क्राफ्ट उपहार में देंगे.

मंत्रालय ने मालदीव के रक्षा और विदेश मंत्रियों के साथ सिंह की बातचीत को लेकर बताया कि दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी. मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रमुख समुद्री पड़ोसी देशों में से एक है और दोनों देशों के बीच सुरक्षा के क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंध पिछले कुछ वर्षों में मजबूत हुए हैं.

## दिल्ली पुलिस की हत्या करने वाला तांत्रिक गिरफ्तार



**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ पुलिस ने दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल की हत्या के आरोप में तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया है। मेरठ के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश ठाकुर ने पुष्टि की कि गणेशानंद के रूप में पहचाने जाने वाले आरोपी ने काला जादू करने का दावा करके लोगों को धोखा दिया। एसपी ने कहा कि हेड कांस्टेबल गोपीचंद 26 मार्च को लापता हो गया था। उसकी पत्नी ने 27 मार्च को सरधना पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, इसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।

पुलिस ने 12 अप्रैल को हस्तिनापुर क्षेत्र के सुरजेपुर गांव के पास गंगा से सिपाही की मोटरसाइकिल बरामद की।

ठाकुर ने कहा कि गोपीचंद एक साल से अधिक समय से गणेशानंद के संपर्क में थे।

एसपी ठाकुर ने कहा, गोपीचंद चाहता था कि गणेशानंद काले जादू का इस्तेमाल कर उसकी पत्नी को खत्म कर दे। उसने अपनी पत्नी के नाम पर एक बड़ा कर्ज भी लिया था। हम मामले की जांच कर रहे हैं।

गोपीचंद 26 मार्च को दिल्ली से अपने पैतृक गांव के लिए निकले थे और 8 अप्रैल तक छुट्टी पर थे।

पुलिस को कॉन्स्टेबल के गायब होने में गणेशानंद की कॉल डिटेल से शक हुआ और चित्रकूट से उसके लौटने का इंतजार किया। हत्या के दिन उसने गोपीचंद से पैसे भी लिए थे।

पुलिस ने कहा कि 26 मार्च को गणेशानंद ने गोपीचंद को अपने आश्रम बुलाया, ताकि वह उसकी पत्नी रेखा की हत्या कर सके।

पुलिस ने कहा कि गणेशानंद, गोपीचंद को गंगा के पास सिरजेपुर गांव ले गया और एक अनुष्ठान किया।

अनुष्ठान के दौरान, गणेशानंद ने गोपीचंद पर धारदार हथियार से हमला किया और उनके शरीर, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल को नदी में फेंक दिया। गोपीचंद के शव की तलाश अब भी जारी है।

## अमेरिका ने इस मौसम में बच्चों के फ्लू से 145 मौतों की सूचना दी

**वाशिंगटन।** यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) द्वारा प्रकाशित लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, इस सीजन में अब तक अमेरिका में बच्चों में फ्लू से कुल 145 मौतें हुई हैं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शुक्रवार को प्रकाशित आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि अब तक कम से कम 26 मिलियन फ्लू के मामले, 290,000 अस्पताल में भर्ती हुए हैं और 19,000 मौतें हुई हैं।

सीडीसी ने कहा कि 22 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में लगभग 1,000 लोगों को फ्लू के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

स्वास्थ्य निकाय अनुशंसा करता है कि 6 महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को फ्लू की गतिविधि जारी रहने तक वार्षिक टीका लगवाना चाहिए।

सीडीसी ने कहा कि पर्चे फ्लू एंटीवायरल दवाएं भी हैं जिनका उपयोग फ्लू की बीमारी के इलाज के लिए किया जा सकता है, जिन्हें जल्द से जल्द शुरू करने की जरूरत है।

## सुप्रीमकोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस ने सात महिला पहलवानों को मुहैया कराई सुरक्षा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली सभी सात महिला पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने रविवार को सुरक्षा मुहैया कराई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को सिंह पर आरोप लगाने वाली पीड़िताओं को उचित सुरक्षा मुहैया कराने को कहा था। दिल्ली पुलिस ने सभी महिला पहलवानों को भी जांच में शामिल होने और 161 सीआरपीसी के तहत अपने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया है, ताकि वे भविष्य की कार्रवाई तय कर सकें।

सूत्रों ने बताया कि एक-दो दिन में महिला पहलवान दिल्ली पुलिस के कनॉट प्लेस पुलिस थाने आकर अपना बयान दर्ज करा सकती हैं। शनिवार को सिंह के खिलाफ दर्ज दो एफआईआर में से एक की कॉपी शीर्ष पहलवानों को सौंपी गई, जो यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही हैं। पुलिस ने कहा कि हालांकि, यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी की प्रति पहलवानों को नहीं दी गई है, इसे पीड़ित परिवार को सौंप दिया जाएगा।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे जल्द ही पीड़ितों के बयान दर्ज करेंगे। महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों के जवाब में पुलिस ने शुक्रवार शाम को डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

## एक और शव बरामद, मरने वालों की संख्या हुई चार

- महाराष्ट्र में इमारत गिरी



**ठाणे (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी शहर में ढही दो मंजिला इमारत के मलबे से रविवार को एक और व्यक्ति का शव बरामद किया गया, जिससे इस घटना में मरने वालों की संख्या बढक़र चार हो गई. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख अविनाश सावंत ने बताया कि अब भी 15 लोगों के फंसे होने की आशंका है.

अधिकारियों ने बताया कि वलपाड़ा स्थित वर्धमान कंपाउंड में शनिवार अपराह्न करीब पौने दो बजे इमारत के ढहने से 12 लोग घायल हो गए हैं. सावंत ने बताया कि इमारत के भूतल और पहली मंजिल पर गोदाम थे, जबकि ऊपरी मंजिल पर चार परिवार रहते थे. जब ढांचा गिरा तो कुछ मजदूर भूतल पर मौजूद थे. उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम एवं दमकलकर्मियों समेत विभिन्न एजेंसी के कर्मी बचाव अभियान में जुटे हैं. सावंत ने बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने मलबे से एक व्यक्ति का शव बरामद किया, जिसकी उम्र 35 साल से 40 साल के बीच बताई जा रही है.

उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है. नारपोली पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक मदन बल्लाल ने बताया कि इससे पहले सुनील पीसा (38) नाम के एक व्यक्ति को रविवार सुबह करीब आठ बजे मलबे से निकाला गया और उसे भिवंडी के इंदिरा गांधी मेमोरियल (आईजीएम) अस्पताल ले जाया गया.

## मणिपुर : चुराचांदपुर जिले में कोई ताजा घटना नहीं, रात का कर्फ्यू जारी रहेगा

**इंफाल (आरएनएस)।** दक्षिणी मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में हिंसा की कोई ताजा घटना नहीं हुई। जिले में बीती रात से आगजनी और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने सहित हिंसा की घटनाएं देखी जा रही थीं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चुराचांदपुर जिले में जिला प्रशासन द्वारा बीती शाम 5 बजे से सुबह 5 बजे तक लगाया गया अनिश्चितकालीन कर्फ्यू अगले आदेश तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के अन्य हिस्सों से भेजे गए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को बीती रात से हटा लिया गया है और रविवार को सामान्य गतिविधियां देखी गईं।

रविवार को दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान और बाजार फिर से खुल गए, जबकि चुराचांदपुर शहर और पहाड़ी जिले के अन्य हिस्सों में यात्री और अन्य वाहन हमेशा की तरह चलते रहे।

सरकारी अधिकारियों ने उन सडक़ों को साफ कर दिया जो आंदोलनकारियों द्वारा यातायात की आवाजाही को प्रतिबंधित करने के इक_ा किए गए पत्थरों, टायरों और बैरिकेड्स को लगाया गया था।

जिला प्राधिकरण ने अफवाह और वीडियो और अन्य संदेशों को साझा करने से रोकने के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को भी निलंबित कर दिया। अफीम की अवैध खेती करने वालों के खिलाफ राज्य सरकार की कार्रवाई के खिलाफ आदिवासियों द्वारा नए सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू करने और वन भूमि में अफीम के खेतों को नष्ट करने के बाद विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में आरक्षित और संरक्षित जंगलों में हिंसा की घटनाएं शुरू हुई थीं।

अज्ञात बदमाशों ने शुक्रवार को वन परिक्षेत्र कार्यालय के भवन में भी आग लगा दी थी, जिससे सरकारी संपत्तियों और दस्तावेजों को नुकसान पहुंचा। मणिपुर के पुलिस महानिदेशक पी. डौंगेल और वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को चुराचांदपुर जिले का दौरा किया और स्थिति की समीक्षा की।

वरिष्ठ ओकराम इबोबी सिंह और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के मेघचंद्र सिंह ने आदिवासियों और वन भूमि से निपटने में गलत नीति के लिए भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री की आलोचना की।

हिंसा की घटनाओं के बाद मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने चुराचांदपुर जिले का अपना शुक्रवार का दौरा रद्द कर दिया था। यहां पर सीएम एक जनसभा को संबोधित करने वाले थे। उपद्रवियों ने मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर जमा हुए ओपन जिम, कुर्सियों व अन्य सामग्री को भी आग के हवाले कर दिया था।

सीएम ने कहा था कि उनकी सरकार लोगों को नशे के खरते से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए राज्य में अफीम की खेती को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा।

बीरेन सिंह ने इंफाल में कहा कि पुलिस गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। पुलिस ने दावा किया कि राज्य में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले म्यांमार के नागरिक भी आगजनी की घटना में शामिल थे।

संरक्षित और आरक्षित वनों से राज्य सरकार की बेदखली अभियान के विरोध में शुक्रवार को चुराचंदपुर जिले में स्वदेशी जनजातीय नेताओं के फोरम (आईटीएलएफ) ने 8 घंटे का बंद रखा था।